यूपी स्किल क्वेस्ट 30 सितंबर व एक अक्टूबर को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : सरकार 'यूपी स्किल क्वेस्ट-2023' का आयोजन 30 सितंबर व एक अक्टूबर को करने जा रही है। इसमें विद्यार्थी व बड़े दोनों ही हिस्सा ले सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए 20 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक का पुरस्कार है, जबकि ओपन श्रेणी में 35 हजार से लेकर 90 हजार रुपये तक के पुरस्कार हैं। यह प्रतियोगिता इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। क्विज के लिए पंजीकरण 25 सितंबर की मध्य रात्रि कर किए जा सकते हैं।

प्रतियोगिता चार अलग-अलग श्रेणियों में होगी। इन्वेस्ट यूपी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल इंडिया क्विज, क्रिकेट एंड बालीवुड क्विज, जनरल क्विज व इंडिया क्विज के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि का निर्धारण किया गया है।

- **बच्चे और बड़े दोनों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं, पंजीकरण 25 सितंबर तक**

दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन स्कूल इंडिया क्विज व क्रिकेट एंड बालीवुड क्विज का आयोजन होगा। पहली प्रतियोगिता स्कूली बच्चों के लिए सुबह 10 बजे से एक बजे के बीच होगी। इसमें पहला पुरस्कार 50 हजार, दूसरा 30 हजार व तीसरा पुरस्कार 20 हजार रुपये का है। दूसरी प्रतियोगिता दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकेंगे।

दूसरे दिन एक अक्टूबर की सुबह 10 बजे से एक बजे तक जनरल क्विज व दोपहर दो बजे से पांच बजे तक इंडिया क्विज का आयोजन होगा। यह सभी वर्ग के लिए रहेगी। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 90 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 60 हजार व तृतीय पुरस्कार के तौर पर 35 हजार रुपये मिलेंगे। पंजीकरण के लिए इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट व ट्विटर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।